तापमान
अधिकतम 29 .4 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

11 नेटबॉल में कार्तिक राठी ने फाइनल में जीता गोल्ड

12 सोसाइटी के एजेंट्स ने किया प्रदर्शन


**खबर संक्षेप**

### मुरथल विवि में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 15 से

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में पीएचडी के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पीएचडी के लिए 10 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 15 व 16 फरवरी तक प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। डीसीआरयूएसटी, मुरथल के कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में पीएचडी के के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पीएचडी में प्रवेश के इच्छुक 10 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 15 व 16 फरवरी को पीएचडी की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। 24 व 25 फरवरी को पीएचडी के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। 1 मार्च से कोर्स वर्क प्रारंभ हो जाएगा।

### रिंढाना का युवक घर से लापता, केस




**गोहाना।** गांव रिंढाना का युवक लापता हो गया। वह घर से लाइसेंस बनवाने गया था। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया गया। दीपक ने पुलिस को बताया कि उसके ताऊ का लडक़ा मोहित सात फरवरी को घर से कंडक्टर का लाइसेंस बनवाने के लिए सोनीपत के लिए गया था। वह शाम तक वापस नहीं लौटा। उसके बाद स्वजन ने उसकी जगह-जगह तलाश की। रिश्तेदारियों से भी जानकारी ली गई लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को शिकायत दी गई।

### बाइक सवारों ने युवक से फोन व नकदी छीनी

**खरखौदा।** फिरोजपुर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने युवक का फोन व 1000 रुपए छीन लिए। गांव महलोंसी उत्तर प्रदेश निवासी पिंटू ने बताया कि वह चंडी पावर ग्रिड में कारपेंटर का काम करता है और फिरोजपुर बांगर गांव में किराए पर रहता है। जब वह अपने कमरे पर जा रहा था तो बीच रास्ते में एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक आए और उन्होंने उसका फोन व 1000 रुपए छीन लिए। जब उसने शोर मचाया तो उनमें से दो युवक भागने में कामयाब हो गए। जबकि लोगों ने एक युवक को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपनी पहचान कुतुबगढ़ निवासी मोनू के रूप में दी है। मौके पर पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# निकाय चुनाव की तैयारी में जुटा अमला आज से नामांकन, 3 लाख करेंगे मतदान

■ 17 तक चलेगी नामांकन प्रक्रिया ■ उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेकर की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत नगर निगम के मेयर पद के लिये उपचुनाव और खरखौदा नगर पालिका के चेयरमैन व पार्षदों के लिये चुनाव शेड्यूल के अनुसार मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। जोकि 17 फरवरी तक जारी रहेगी। नामांकन प्रक्रिया के बीच 12 व 16 फरवरी को अवकाश रहेगा, अन्य दिनों में प्रत्याशी संबंधित कार्यालय में नामांकन जमा करवा सकते हैं। नगर निगम में मेयर उपचुनाव के प्रत्याशियों की सहायता के लिये निगम कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। इसके अलावा मेयर उप चुनाव के दौरान निगम कार्यालय में जिला परिषद की सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. अनमोल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनावों के संदर्भ में प्रशासनिक अधिकारियों ने सोमवार को बैठक भी की। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त ने की।

### मेयर पद तीन माह से खाली

बता दें कि सोनीपत में नगर निगम मेयर का पद पिछले तीन माह से खाली है। वहीं खरखौदा नगर पालिका में करीब डेढ़ साल से शहर की सरकार के बिना ही काम चल रहा है। खास बात ये है कि इस बार खरखौदा में चेयरमैन का चयन भी सीधे मतदाता ही करेंगें। इन चुनावों में सोनीपत और खरखौदा के 3 लाख से अधिक मतदाता अपनी मतों का प्रयोग करेंगें। सोनीपत नगर निगम में उपचुनावों के बाद चुने जाने वाले मेयर के पास काम करने के लिये तकरीबन 9 माह ही होंगे। क्योंकि पांच साल के चुनी गई शहर की सरकार का कार्यकाल दिसंबर 2025 में समाप्त हो जाएगा। सोनीपत नगर निगम और खरखौदा नगर पालिका के चुनावों में 3 लाख से अधिक मतदाता हिस्सा लेंगे। इसमें से 2 लाख 94 हजार 362 मतदाता सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत तो 20 हजार 149 मतदाता खरखौदा के चुनावों में अपने मतों का प्रयोग करेंगे। सोनीपत नगर निगम क्षेत्र के कुल मतदाताओं में 1 लाख 53 हजार 320 पुरुष, 1 लाख 41 हजार 035 महिला व सात मंगलामुखी मतदाता वोट डालेंगे। वहीं खरखौदा नगर पालिका क्षेत्र में 10,644 पुरुष और 9,502 महिला व तीन मंगलामुखी मतदाता कुल मतदाताओं में शामिल है। सोनीपत नगर निगम के कुल मतदाताओं में 47 हजार 479 मतदाता पहली बार नये मेयर को वोट डालेंगे। सोनीपत नगर निगम के चुनावों के लिये निगम क्षेत्र में 268 मतदान केंद्र, जबकि खरखौदा में चुनावों के लिये 23 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।


सोनीपत। चुनाव को लेकर बैठक करते अधिकारीगण।

■ नामांकन प्रक्रिया के बीच 12 व 16 फरवरी को अवकाश रहेगा, अन्य दिनों में प्रत्याशी संबंधित कार्यालय में नामांकन जमा करवा सकेंगे

■ मेयर उपचुनाव के प्रत्याशियों की सहायता के लिए निगम कार्यालय में हेल्प डेस्क भी बनाया गया

■ मेयर उप चुनाव के जिला परिषद की सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. अनमोल को चुनाव अधिकारी नियुक्त

### 18 को होगी नामांकन पत्रों की जांच

17 फरवरी तक नामांकन भरने का दिन रखा गया है। वहीं नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई है। उसी दिन चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे और मतदान केंद्रों की सूची भी प्रकाशित की जाएगी। मतदान 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान 4 मार्च को संपन्न कराया जाएगा। मतगणना 12 मार्च को सुबह 8 बजे से आरंभ होगी और मतगणना पूर्ण होते ही चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

### पोलिंग स्टाफ को लेकर दिए निर्देश

चुनावों को लेकर उपायुक्त ने ली चुनाव से जुड़े अधिकारियों की मीटिंग जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने चुनावों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि चुनावों के दौरान ईवीएम मशीनों की व्यवस्था पूरी हों। मशीनों का रेंडमाईजेशन का काम समय से पूरा करें। इसके साथ ही पोलिंग स्टाफ को लेकर समय से आदेश जारी करें और उनके प्रशिक्षण के लिए डीक्रस्ट यूनिवर्सिटी मुरथल में सभी व्यवस्थाएं करें। सोनीपत मेयर के लिए मतगणना केंद्र बीट्स मोहाना को बनाया गया है और खरखौदा नगर पालिका के लिए कन्या कालेज में मतगणना केंद्र रहेगा। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि चुनाव में जिला निर्वाचन कार्यालय से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्रों व मतगणना केंद्रों का दौरा करके वहां सुरक्षा व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, पार्किंग की व्यवस्थाओं का जायजा भी लें। मीटिंग में सीईओ जिला परिषद अनमोल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश, सीईओ एचएसवीपी सिद्धार्थ, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश सहित चुनाव से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### नौ माह के लिए मेयर, दो साल से खाली है नगर पालिका

सोनीपत को नगर निगम का दर्जा 2015 में दिया गया था। इसके बाद पांच सालों के इंतजार के बाद पहली बार 2020 में चुनाव हुए थे। उन चुनावों में कांग्रेस की टिकट से मैदान में उतरे निखिल मदान मेयर बने थे, जोकि पिछले वर्ष अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों से भाजपा की टिकट पर सोनीपत शहर से विधायक बन गए थे। जिसके बाद से सोनीपत नगर निगम में मेयर पद खाली है। इस उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाला प्रत्याशी करीब नौ माह के लिए नए मेयर चुने जाएंगे। दूसरी ओर खरखौदा नगरपालिका का कार्यकाल मई 2023 में समाप्त हो गया था। उसके बाद से एसडीएम प्रशासक के तौर पर कार्यभार संभाल रहे हैं। नपा क्षेत्र में 16 वार्ड बनाए गए हैं। खरखौदा में पहली बार नपा अध्यक्ष प्रत्यक्ष तौर पर चुना जाएगा। नपा में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है।

### भाजपा का 14 नामों का पैनल तैयार

मेयर उपचुनाव और खरखौदा नगर पालिका चुनावों के लिये प्रत्याशियों के नाम फाइनल करने के लिये भाजपा मंथन की प्रक्रिया में है। भाजपा ने वैसे भी 6 नामों का पैनल मेयर पद के लिये भेजा था, जिसमें सोमवार को और नाम मांग लिये गए थे। जिसके बाद पैनल में 8 नाम और भेजे गए। इस तरह से 14 नामों का पैनल हो गया। जिस पर मंगलवार को दिल्ली में बैठक कर एक नाम तय किया जाएगा। इन 14 नामों में 4 पंजाबी, 3 वैश्य, 3 ब्राह्मण, 2 जाट व 2 ओबीसी वर्ग का उम्मीदवार है। उम्मीद की जा रही है मंगलवार शाम तक भाजपा प्रत्याशी का नाम फाइनल कर देगी।

**ये है चुनाव का शेड्यूल**

- ⏭ 11 फरवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी, जोकि 17 तक चलेगी
- ⏭ 18 फरवरी को छंटनी का काम किया जाएगा
- ⏭ 19 फरवरी को नामांकन वापसी का दिन
- ⏭ 19 फरवरी को ही चुनाव चिन्ह दिए जाएंगें
- ⏭ 2 मार्च को मतदान ⏭ 12 मार्च को परिणाम

## गणतंत्र दिवस शिविर में हिस्सा लेकर लौटीं कैडेट अपूर्वा को सम्मानित किया

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनसीसी कैडेट अपूर्वा शर्मा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर और प्रधानमंत्री रैली में हिस्सा लेकर लौट आई हैं। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि यह कैडेट के साथ कालेज के लिए भी गौरवमयी उपलब्धि है। जीवीएम की एनसीसी इकाई की प्रभारी ले. प्रियंका ने बताया कि कालेज की एनसीसी कैडेट को इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर आरडीसी में हिस्सा लेने का मौका मिला। इससे पहले उन्होंने डीसीएटी-1, आईजीसी और तीन प्री-आरडीसी शिविरों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। आरडीसी के दौरान उन्होंने समूह नृत्य, समूह गीत और बैले जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही प्रधानमंत्री रैली में भी हिस्सा लिया और प्रधानमंत्री के निवास का दौरा किया। इसके अलावा अपूर्वा ने युवा विनिमय कार्यक्रम के कैडेट्स के साथ भी मुलाकात करते हुए बातचीत की। कालेज लौटने पर प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उनका विशेष रूप से अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अपूर्वा को रूपनगर एनसीसी अकादमी से भी 2500 रुपये का पुरस्कार मिला।



## सिलाना के सौ- सौ गज के प्लाट आवंटियों ने कब्जा दिलाने की लगाई गुहार

**खरखौदा।** सिलाना गांव के 189 गरीब परिवार पिछले 16 वर्षों से अपने अधिकार के लिए प्रशासनिक कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। साल 2008 में सरकार द्वारा बीपीएल सूची में शामिल परिवारों को 100-100 वर्ग गज के रिहायशी प्लाट अलाट किए गए थे, लेकिन आज तक उन्हें इन प्लाटों का कब्जा नहीं मिला है।

■ 189 परिवार पिछले 16 सालों से दफ्तरों के चक्कर काट रहे

प्रभावित परिवारों में से अजीत, ब्रिजेश, कृष्ण कुमार, सुरेश का कहना है कि वे कई बार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सहित आला अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि गांव में पर्याप्त पंचायती जमीन उपलब्ध है, फिर भी उन्हें उनके अधिकार से वंचित रखा जा रहा है।

सोमवार को समाधान शिविर में पहुंचकर सिलाना वासियों ने प्लाटों पर कब्जा दिलाने की मांग की, ताकि वे अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे आगे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है।

## वंश के हत्यारोपी को दबोचने के लिए छह टीमों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

**पार्किंग विवाद में हत्या मामला**

**खानपुर में करवाया पावर लिफ्टर के शव का पोस्टमार्टम**

प्रगति नगर में रविवार को बाइक खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में राष्ट्रीय स्तर के पावर लिफ्टर की हत्या करने के मामले में शव का पोस्टमार्टम खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया है। नागरिक अस्पताल में फोरेंसिक एक्सपर्ट नहीं होने के चलते शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर भेजा गया था। पोस्टमार्टम में पता चला है कि पावर लिफ्टर को पांच गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस हमलावर की तलाश में दबिश दे रही है।मूलरूप से गांव सरगथल हॉल ककरोई रोड स्थित विकास नगर निवासी वंश (20) दूरस्थ शिक्षा निदेशालय से स्नातक की डिग्री कर रहे थे। वह विकास नगर में ही दूध की डेयरी चलाते थे। वंश राष्ट्रीय स्तर के पावर लिफ्टर थे और दिल्ली में आयोजित नेशनल बेंच प्रेस प्रतियोगिता में रजत जीत चुके थे। वह स्टेट लेवल पर सोना भी जीत चुके थे। वंश के चाचा ब्रजेश ने सिटी थाना पुलिस को बताया था कि वंश रविवार को प्रगतिनगर में अपनी परिचित अक्षिता के घर मोबाइल की डाटा केबल लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने बाइक को अक्षिता के पड़ोसी कुलदीप के घर के बाहर खड़ा कर दिया था। जिसे लेकर कुलदीप संग वंश का झगड़ा हो गया था। जिसमें अक्षिता व उनकी बहन इशिका को बचाव को आई तो कुलदीप ने उनकी पिटाई कर मारने की धमकी दी थी। बाद में कुलदीप ने पिस्तौल से वंश को पांच गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कुलदीप की तलाश के लिए छह टीम बनाई है। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

**जल्द गिरफ्तार करेंगे**

युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस की छह टीम गठित की गई है। हमलावर की तलाश में दबिश दी जा रही है। उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। शव का खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है।

-राहुल देव, एसीपी सोनीपत

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर पुलिस सख्त



**गन्नौर।** सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जी टी रोड ट्रैफिक चौकी प्रभारी शमशेर दहिया के नेतृत्व में पुलिस ने दर्जन वाहन चालकों के चालान काटे। उनमें अधिकत्तर बिना हैल्मेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के थे। सोमवार को प्रभारी दहिया के नेतृत्व में पुलिस कर्मी शहर के मुख्य रेलवे रोड के देवीलाल चौक पर पहुंचे और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने दर्जन वाहनों के चालान किए। चौकी प्रभारी शमशेर दहिया ने कहा कि पुलिस द्वारा अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने हैलमेट पहनकर वाहन चलाने वालों को समझाया कि हैलमेट पहनना केवल सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने व चालान से बचने के लिए जरूरी नही है। हैलमेट सबसे ज्यादा दुर्घटना होने पर आपकी जान की सुरक्षा करता है।

**हादसे के बाद दोनों कार चालक फरार, केस**

## अंतरराष्ट्रीय सब्जी मंडी के पास दो कार टकराई चपेट में आने से दो बाइक सवार युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

जीटी पर अंतर्राष्ट्रीय मंडी के पास दो कारों की भिड़ंत में चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतक 31 वर्षीय बलराम निवासी पांची जाटान व 35 वर्षीय जितेंद्र भांवर गांव के रहने वाले थे। सूचना के बाद थाना बड़ी पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार जितेंद्र व बलराम बाइक पर गन्नौर से मुरथल की तरफ जा रहे थे। जब वह अंतर्राष्ट्रीय मंडी के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने अपने आग चल रही एक कार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आगे चल रही कार का संतुलन बिगड़ गया और वह बलराम व जितेंद्र की बाइक से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में बलराम व जितेंद्र बुरी तरह से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद दोनों कारों के चालक मौके से फरार हो गए। इसके बाद राहगीरों बलराम व जितेंद्र को उपचार के लिए गन्नौर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बलराम को सिविल अस्पताल सोनीपत व जितेंद्र को खानपुर मेडिकल में रेफर कर दिया। जहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक बलराम के भाई कृष्ण ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने कृष्ण की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपित कार चालक का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

■ हादसे में बलराम व जितेंद्र घायल हो गए थे अस्पताल में दम तोड़ा


सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा



बलराम व जितेंद्र। (फाइल फोटो)

**नाइट पेट्रोलिंग का काम करता था बलराम:** जानकारी अनुसार बलराम बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में नाइट पेट्रोलिंग करने वाली कंपनी के साथ काम करता था। वह अविवाहित था। जबकि जितेंद्र की बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में चाय की दुकान चलाता था। वह शादीशुदा था और उसके दो बच्चे भी हैं। दोनों की मौत के बाद स्वजन सदमे में है।

### ट्रक की चपेट में आई बाइक युवक की मौत, पत्नी घायल

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-334बी के पास गांव खेवड़ा फ्लाईओवर के निकट ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई और उनकी पत्नी घायल हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव दोघट की रहने वाली रेखा ने बताया कि वह अपने पति के साथ फिलहाल कुंडली के प्याऊ मनियारी में किराए पर रहती हैं। वह अपने पति नीलम संग रविवार को बाइक पर सवार होकर अपने गांव दोघट जा रही थी। जब वह गांव खेवड़ा में फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो ट्रक ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में सडक़ पर गिरकर वह तथा उनके पति घायल हो गए। दोनों को राहगीरों ने घायल अवस्था में नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। अस्पताल में नीलम को मृत घोषित कर दिया गया। रेखा को उपचार दिया जा रहा है। सूचना के बाद पहुंची बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## लाल-नीली बत्ती लगी बोलेरो ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

मुरथल स्थित ढाबे पर खाना खाने आए दिल्ली निवासी एक युवक की जीटी रोड पार करते समय हादसे में मौत हो गई। युवक को एक बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मार दी। गाड़ी पर लाल और नीली बत्ती लगी हुई थी। घटना के समय वह सड़क पार कर लघुशंका को गए थे। सूचना के बाद मुरथल थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

■ मुरथल में ढाबे पर खाना खाने आया था दिल्ली का युवक, पुलिस ने शुरू की जांच

उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद के विजय नगर निवासी सागर कुमार ने मुरथल थाना पुलिस को बताया कि दिल्ली के फैजलपुर स्थित मंडावली निवासी नितिन ढींगरा (37) उनके दोस्त थे। वह नितिन, आदेश, टीटू, आशु व यश भाटी के साथ गाजियबाद बरात में गए थे। वहां से आते समय मुरथल खाना खाने आने का कार्यक्रम बना लिया। वह नितिन के साथ आए थे और दूसरी कार में आदेश, टीटू, आशू व यश थे। तडक़े चार बजे नितिन ढाबे के सामने हाईवे पार कर लघुशंका को चले गए। वापस आते समय एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने नितिन को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। गाड़ी पर लाल व नीली बत्ती लगी थी। वाहन चालक मौके से भाग गया। वह अपने साथी को लेकर मुरथल रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उसे गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया। इस पर वह उसे लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचे। वहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में बोलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले को लेकर हाईवे पर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। जिससे बोलेरो चालक का पता लगाया जा सके। पता चला है कि इस हादसे में असमय काल का ग्रास बने नितिन के माता-पिता भी इस दुनिया में नहीं हैं। काफी समय पहले उसके माता-पिता का निधन हो गया था।

**वाहन की जानकारी जुटाई जा रही**

ढाबे के सामने हादसे में युवक की मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। लाल-नीली बत्ती लगी गाड़ी के बारे में पता लगाया जा रहा है।

-इंस्पेक्टर राजीव सिंह, थाना प्रभारी मुरथल।

हरिभूमि

# सहेली

वैलेंटाइन-डे स्पेशल



स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत व्यापक हैं। उसके प्रेम का अर्थ सिर्फ रूमानी नहीं होता। स्त्री का एक अलग ही प्रेममय संसार है। इसमें वह प्रेम को वृहद रूप में जीती है। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, अपनों की खुशी। वह इसी खुशी में ही अपनी खुशी मानती है। वैलेंटाइन-डे पर स्त्रियों के नजरिए से प्रेम की व्याख्या।

## प्रेम के सार्थक भाव को जीती स्त्रियां

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार से लेकर अपनी सहेलियों और आस-पड़ोस तक, स्त्रियां प्रेम के सार्थक भाव को जीती हैं। साथ ही वे स्नेह और जुड़ाव की बुनियाद पर सही मायने में प्रेममयी जीवन का ठिकाना बनाती हैं। व्यावहारिक समझ के साथ अपने परिवेश में प्रेम को पोसती हैं। जरूरत के समय किसी बच्चे-बुजुर्ग की मदद करने की बात हो या पीड़ा के दौर में अपनों का साथ देने की बात, प्रेम से अपनी भूमिका निभाती हैं। उत्सवीय परिवेश में साझी खुशियां मनाते हुए नेह उड़ेलने वाला व्यवहार हो या परंपरागत आयोजनों में किसी सहेली का साथ देने के लिए डट जाने का पहलू, स्त्रियों का प्रेम साथ देने में झलकता है। उनका प्रेम किसी की मनोदशा को जानकर हाथ थाम लेने में नजर आता है। जीवनसाथी हो या परिजन, भावनाओं को समझने और सम्मान देने में प्रतिबिंबित होता है, स्त्रियों का प्रेम-स्नेह।

### जीवन की ऊर्जा-प्रेम

यूं तो प्रेमपगा जुड़ाव हर इंसान के मन-जीवन के लिए संजीवनी-सा होता है, लेकिन स्त्रियां स्नेहमयी साथ को ज्यादा अहमियत देती हैं। प्रेम हर स्त्री के जीवन में बहुत मायने रखता है। भावनाओं की बुनियाद पर अपनों-परायों से जुड़ने वाली स्त्रियां, मन की गहराई से प्यार को समझती हैं। जज्बाती आधार से जुड़ना जानती हैं। खुद को मिले स्नेह-साथ का सम्मान करती हैं। यही वजह है कि उनका भावुक मन भी प्रेमपगे भाव-चाव की खूब चाहत रखता है। एक ओर अपने साथी संग मन की बात करना, स्त्रियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा जुटाने जैसा होता है तो दूसरी ओर साथी के दिल का हाल जानना भी उन्हें सुकून देता है।

स्त्रियों के लिए प्यार जिंदगी को भावपूर्ण लगाव से सींचने वाली नेमत होता है। वे जीवन की इस अंतरंग साझेदारी में निःस्वार्थ भाव से प्रेम जताने और निभाने की राह चुनती हैं। यही कारण है कि स्त्रियां जीवन के हर उतार-चढ़ाव में अपने जीवन साथी को हिम्मत दे पाती हैं। प्रेमपगे समर्पण की यही सोच हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामे हुए है। आस-पड़ोस को जोड़ने वाली सुंदर कड़ी बनी हुई है। स्त्रीमन के स्नेहपूरित एहसास ही समाज के रंग, सजीव रखने का माध्यम बने हुए हैं।

### प्रेम का सार्थक भाव

प्यार किसी की अनुभूतियों को समझना भर नहीं है। आपसी सहजता और स्नेह बनाए रखने के लिए सामने वाले इंसान की भावनाओं का मान करना भी जरूरी है। प्रेम, त्याग और समर्पण



मांगता है। संवेदनशील और सार्थक भावों को मन में स्थान देकर ही प्यार की राह पर चलने वाले हमसफर, साथ को जीने का सही अर्थ समझते हैं। समर्पण के धरातल पर ही सम्मान देने की सोच पनपती है। मनुहार, मान और मन की सुनने-समझने का यह पहलू हर रिश्ते के लिए प्राणवायु सा होता है। देखने में आता है कि स्त्रियां प्रेम के इस जीवंत भाव को न केवल समझती हैं बल्कि जीती भी हैं। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में ह्यूमन डेवलपमेंट के प्रोफेसर डॉ.



रॉबर्ट जे. स्टर्नबर्ग के मुताबिक, 'अपने मनोभावों को दूसरे इंसान के साथ शेयर कर पाने और जरूरत पड़ने पर भावनात्मक सपोर्ट देने और पाने का जुड़ाव ही सच्चा प्यार होता है। संघर्ष और जिंदगी की उथल-पुथल के दौर में किसी के साथ होने पर भरोसा महसूस हो तो यह भावनात्मक तौर पर जुड़े होने का संकेत है। साथ ही अगर खुद से पहले किसी दूसरे की खुशी की चाहत मन में हो तो निश्चित तौर पर यह प्रेम है। पूरी दुनिया में हमेशा से ही माताएं इस तरह के महत्वपूर्ण और मानवीय व्यवहार के लिए जानी जाती हैं।' मानवीय मन के अध्ययन से जुड़ी यह बात स्त्री-मन के नेह भरे पक्ष से मिलवाती है, जो प्रेम का सबसे सुंदर और सार्थक पहलू है।

### प्रेम के शाश्वत मूल्य बने रहें

प्रेम के भाव-चाव वक्त के साथ नहीं बदलते। एक दूजे संग मन से जुड़ने की यह रीत एक प्यारी परंपरा सी है। निःस्वार्थ अनुभूतियों से सींचित प्यार सदा से ही स्वार्थ साधने की सोच से परे रहा है। इसीलिए दिली धरातल पर जुड़े अहसास कभी अपने रंग-ढंग नहीं बदलते। प्रेम करने वाले दिल में नकारात्मक भाव जगह नहीं बना पाते। प्रेम के शाश्वत मूल्य यूं भी सहेजने योग्य ही हैं। प्रेम को पोसने वाली इन मान्यनाओं में चाहे आपसी संवाद की बात हो या भावनात्मक अंतरंगता की, इन स्नेहपगे मूल्यों से ही संसार में मानवीय जुड़ाव भी कायम है। लाख दुश्वारियों के बावजूद एक-दूजे को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह देना ही तो प्रेम है। प्रेम की शुरुआत एक-दूसरे पर विश्वास के साथ ही होती है। भरोसे के बल पर ही यह गठजोड़ विस्तार पाता है। अपनत्व का यह सूत्र जीवन के हर पहलू पर एक प्यारी साझेदारी की बुनियाद बनाता है। साझे लक्ष्यों को पाने की यात्रा में आपसी सम्मान, आत्मीयता और प्रतिबद्धता जैसे मूल्य, हर रिश्ते में बहुत मायने रखते हैं। ऐसे स्नेह भरे शाश्वत मूल्य परिवार को भावनात्मक रूप से जोड़कर रखते हैं। समाज में सकारात्मकता बढ़ाते हैं। सदा प्रासंगिक रहने वाले मूल्यों को सहेजते इस प्रेमपगे जुड़ाव का यह सबसे प्यारा पहलू है।

### महिला-मन की चाहत

हमारे घरों में स्त्री-मन के भावनात्मक पहलू को समझने का भाव आज भी नदारद है। उनके प्रति जिम्मेदारी तो निभाई जाती है पर जज्बाती जुड़ाव कम दिखता है, उनके अपनों द्वारा कभी भी खुलकर प्यार नहीं जताया जाता। जबकि हर स्त्री प्यार के बदले ढेर सारा प्यार चाहती है। हर रिश्ते में खुलकर प्रेम जताने वाली स्त्रियां अपने लिए भी प्रेमपगे अहसासों की अभिव्यक्ति की उम्मीद रखती हैं। मौजूदा दौर की सजग सशक्त स्त्रियां भी प्यार के प्रति समर्पण और निष्ठा का भाव रखती हैं। ऐसे ही आत्मीय जुड़ाव की आशा भी रखती हैं। सी. एस. लुइस के मुताबिक, 'हमारे जीवन में जो भी दृढ़ और स्थायी खुशी है, उसके लिए नब्बे प्रतिशत प्रेम ही उत्तरदायी है।' महिलाओं से जुड़े सभी रिश्तों को भी समझना चाहिए कि उनका मन भी प्रेमपगे भावों को जीना चाहता है। खासकर जीवनयात्रा में अपने पार्टनर से स्नेह-सत्कार जताने की उम्मीद तो हर महिला को होती ही है।

## सेलिब्रेट करें अपना प्यार

वैलेंटाइन-डे आए और हसबैंड-वाइफ इसे सेलिब्रेट न करें, यह कैसे हो सकता है। जरूरी नहीं इसके लिए आप बहुत बड़े स्तर पर कुछ प्लान करें, आप घर पर ही या बाहर जाकर भी छोटे स्तर पर वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट कर सकती हैं। अपने दांपत्य जीवन में और मधुरता लाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

मैरिड लाइफ

पूर्ति खरे



दांपत्य एक ऐसा रिश्ता है, जो प्यार, विश्वास, समर्पण और आपसी समझ से मजबूत होता है। हालांकि इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए और भी तरीके हैं, लेकिन हमेशा इस रिश्ते की धुरी प्रेम ही माना गया है। पति-पत्नी जॉब के कारण कितने भी दूर अलग-अलग शहर में रह रहे हों, लेकिन वे एक-दूसरे के साथ दिल से जुड़े रहते हैं। इस संदर्भ में यह भी समझना चाहिए कि विवाह एक ऐसा बंधन है, जो बिना प्यार के संभव ही नहीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली के चलते इस रिश्ते के बीच कहीं न कहीं प्यार अपनी सुप्तावस्था में चला जाता है। एक लंबे दांपत्य जीवन के बाद भी कई पति-पत्नी के बीच यही शिकायत रहती है कि उनके बीच का प्यार अब पहले जैसा नहीं रहा। लेकिन हकीकत इससे जुदा होती है, क्योंकि असल में प्यार कभी नहीं बदलता, बस बदलते हैं तो उसको बयां करने के अंदाज। खैर, आपका तरीका जो भी हो, लेकिन प्यार के इस मौसम में अपने साथी के प्रति जो भी भाव आप रखती हैं, उसे अभिव्यक्त जरूर कीजिए। आपके इस भाव को बयां करने के लिए वैलेंटाइन-डे एक खास मौका है, जो प्यार-रोमांस को समर्पित है। इसे कैसे मनाएं, जरूर जानिए-



**बाहर घूमने जाएं:** अगर संभव हो तो आप अपने साथी के साथ बाहर किसी ऐसी एकांत और सुहावनी जगह पर जाएं, जहां आप दोनों एक-दूसरे को अपना भरपूर समय दे सकें। हो सके तो एक रोमांटिक डेट को अरेंज करें। इसके लिए आप किसी सुंदर पार्क में पिकनिक मना सकती हैं या एक रोमांटिक रेस्तरां में डिनर कर सकती हैं। आप चाहें तो सिनेमा हॉल में एक साथ कोई रोमांटिक फिल्म भी देख सकती हैं। इससे आपको एक रोमांटिक माहौल मिलेगा या फिर किसी डांस स्टूडियो में जाएं और एक साथ डांस करें। इससे आपको करीब आने का मौका मिलेगा।

**शादी की तस्वीरें या वीडियो देखें:** आप अपने पार्टनर के साथ शादी की तस्वीरें देखकर या वीडियो देखकर शादी के पल याद कर सकती हैं। याद रखें, शादी हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल होते हैं, उन पलों को हम दुबारा जी तो नहीं सकते, लेकिन तस्वीरों और वीडियोज में कैद उन पलों को देखते हुए हम उन पलों की स्मृतियां फिर बटोर जरूर सकते हैं।

**घर पर रोमांटिक डिनर:** अगर आप या आपके पार्टनर बाहर नहीं जा सकते या आप घर के बच्चों या बड़ों के कारण घर से बाहर जाने में संकोच कर रही हैं तो आप घर पर ही एक रोमांटिक डिनर अरेंज करें। अपने पसंदीदा व्यंजन बनाएं, उन्हें सुंदर तरीके से परोसें। आप कैंडललाइट डिनर भी कर सकती हैं। साथ ही फूलों से घर को सजाएं। इससे आपको घर में एक रोमांटिक और खुशनुमा माहौल मिलेगा।

**लव लैटर या लव कार्ड:** यह तरीका आपको थोड़ा ओल्ड लग सकता है, लेकिन यकीन मानिए अपने हाथों से लिखे गए प्यार के अल्फाज हमेशा जुदा अहसास कराते हैं। यह बहुत मजेदार आइडिया है, आजमा कर तो देखिए, एक-दूसरे को लव लैटर लिखिए। इससे आपको अपने प्यार को व्यक्त करने का मौका मिलेगा और पढ़ने वाले को यह प्यार से भर देगा। आप यदि लव लैटर लिखने में संकोच कर रही हैं तो एक थॉट्सफुल कार्ड भी पार्टनर को खरीद कर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में इस तरह के गिफ्ट भी मिलते हैं, जो आपके प्यार को बयां करते हैं।

यह जान लीजिए कि प्यार करने का अंदाज कोई भी हो, बस आपके प्यार में प्यार होना चाहिए। यहां बताए गए आइडियाज को अपनाकर आप अपने वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकती हैं, अपने दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रख सकती हैं। हैप्पी वैलेंटाइन-डे!

## इस लव-डे पर आप दिखें सबसे लवली-ब्यूटीफुल

मेकअप

विधि गोयल

आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप सबसे प्यारी और खूबसूरत नजर आना चाहेंगी। इसके लिए जरूरी है कि मेकअप सही तरीके से किया जाए। यहां आपको बता रहे हैं, परफेक्ट मेकअप करने के तरीके के बारे में।

**प्राइमर:** मेकअप की शुरुआत अपने चेहरे पर प्राइमर अप्लाई करने से करें। मेकअप करने से पहले प्राइमर लगाने से मेकअप को एक अच्छा बेस मिलता है और मेकअप ज्यादा देर तक टिका भी रहता है।

**फाउंडेशन:** प्राइमर लगाने के बाद अपने चेहरे पर लाइट फाउंडेशन या बीबी-सीसी क्रीम अप्लाई करें। मेकअप ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से फाउंडेशन को अच्छी तरह ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि बहुत हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें, वरना फेस केकी लगने लगेगा।

**कंसीलर-कॉम्पैक्ट पावडर:** अगर आपके चेहरे पर डार्क सर्कल्स, पिंपल्स या फाइन लाइंस नजर आती हैं, तो कंसीलर भी जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि हमेशा ऐसा कंसीलर इस्तेमाल करें, जो आपके स्किन टोन से एक शेड लाइटर हो। कंसीलर का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं जगहों पर करें, जहां इसकी जरूरत हो। चेहरे की अच्छी तरह से क्लींजिंग करके मॉयश्चराइज करें।



फिर स्किन टाइप के अनुसार कंसीलर और फाउंडेशन लगाएं और मैट कॉम्पैक्ट से मेकअप को लॉक करें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो फेस पावडर लगाने की जरूरत नहीं है। हल्का फाउंडेशन ही काफी है।

**ब्लश से पाएं पिंकिश टोन:** प्यार के रंग से रंगे इस खास दिन अपने गालों पर ब्लश भी जरूर लगाएं। लाइट पिंक कलर का ब्लशर आपके चेहरे को और भी निखार देगा। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें और अगर आपकी ऑयली स्किन है तो पावडर ब्लश का इस्तेमाल करें।

**आई मेकअप:** आंखों की खूबसूरती को निखारने के लिए आप आई मेकअप में कुछ अलग ढंग से करें। आंखों की पलकों में अपनी ड्रेस से मैचिंग आईशैडो लगाएं। आईलाइनर और काजल की एक पतली कोट लगाएं। आई लैशेज को ग्लैमरस दिखाने के लिए पलकों के ऊपर और नीचे दोनों तरफ से उभार देते हुए मस्कारा लगाएं।

**ग्लिटरी ग्लैम लुक:** नाइट पार्टी के लिए ग्लिटरी ग्लैम लुक मेकअप भी कर सकती हैं। ऐसे लुक के लिए आप बेस मेकअप को ड्युई लुक दें। साथ ही आप ब्लश और हाइलाइटर के लिए लिक्विड या क्रीम प्रोडक्ट्स को चुनें। इसके अलावा आप लिप्स के लिए भी ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

## गिफ्ट हो ऐसा जिसमें झलके आपका प्यार

वैलेंटाइन-डे के अवसर पर गिफ्ट देना प्यार जताने का एक बेहतरीन तरीका होता है। आप भी अपने लव/लाइफ पार्टनर को इस मौके पर कुछ खास गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। जानिए, गिफ्ट देने के कुछ यूनीक आइडियाज।

फीलिंग्स

श्रुति आयंगर

जब मौका हो वैलेंटाइन-डे का तो आप जरूर अपने लव/लाइफ पार्टनर को प्यारा सा गिफ्ट देकर अपनी फीलिंग्स उनके सामने प्रकट करना चाहेंगी। प्यार का इजहार करना हो या प्यार को और भी प्रगाढ़ करना हो तो इसके लिए लव कपल्स एक-दूसरे को गिफ्ट देना पसंद करते हैं। अगर आपने अपने वैलेंटाइन के लिए अभी तक कोई गिफ्ट सेलेक्ट नहीं किया है, तो यहां बताए जा रहे, गिफ्ट आइडियाज पर गौर कर सकती हैं।

**फोटो फ्रेम विद म्यूजिक:** गिफ्ट के तौर पर फोटो फ्रेम देना काफी अच्छा ऑप्शन माना



जाता है। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर को वैलेंटाइन-डे पर कुछ स्पेशल गिफ्ट देना चाहती हैं तो उन्हें प्लेन फोटो फ्रेम देने की बजाय, फोटो फ्रेम विद म्यूजिक दे सकती हैं। इस फ्रेम की खासियत यह होती है कि यह फ्रेम ग्लास का बना होता है और इसमें आप जो भी गाना सेलेक्ट करती हैं, उसे इस फ्रेम में कस्टमाइज करवा सकती हैं। इसमें स्पेशल क्यूआर कोड की सुविधा होती है। आप इस कोड की मदद से अपने पार्टनर को अपना सेलेक्ट किया गाना सुनवा भी सकती हैं। यह गिफ्ट बेहद यूनीक लगता है। इसमें आप अपने पार्टनर के साथ की फोटो का कोलाज बनाकर भी एड करवा सकती हैं।



**चॉकलेट बुके विद हैंपर:** वैलेंटाइन-डे जैसे मौके पर चॉकलेट्स गिफ्ट करने का काफी ट्रेंड है। आप भी चाहें तो इस अवसर पर अपने पार्टनर को चॉकलेट्स हैंपर या चॉकलेट बुके गिफ्ट कर सकती हैं। इसमें आप उनकी पसंद की चॉकलेट्स का हैंपर या बुके बनवा सकती हैं। चॉकलेट के साथ में छोटे-छोटे फूल, टेडीबियर, लव कोट्स लिखा एक कार्ड भी लगवा सकती हैं। अगर उन्हें केक पसंद है तो वो भी इसके साथ दे सकती हैं। इसके अलावा आप चॉकलेट्स से भरा हुआ एक सरप्राइज एक्सप्लोजन बॉक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल ये काफी ट्रेंड में है।

**हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स:** ऐसे स्पेशल डेज पर हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट देना न केवल आपके साथी को खुशी देता है बल्कि ये आपके बीच के प्यार को भी और गहरा बनाता है। इस वैलेंटाइन-डे पर अपने प्यार को, एक यादगार तोहफे के रूप में पर्सनलाइज्ड-हैंडमेड गिफ्ट देकर इसे खास बना सकती हैं। आप अपने पार्टनर के लिए अपने हाथों से बने क्राफ्ट बेस ग्रीटिंग कार्ड,




हाथ से लिखे लव लेटर या कविता, अपने हाथों से बना स्कार्फ, किसी कपड़े या रुमाल में कढ़ाई करके उनको गिफ्ट कर सकती हैं। माना ये तरीके पुराने हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड मग, पर्सनलाइज्ड ज्वेलरी, कस्टमाइज्ड कुशन कवर, कस्टमाइज्ड वॉल आर्ट और अपने पार्टनर के लिए प्यारा-सा पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज भी भेज सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह का गिफ्ट पाकर आपके पार्टनर के मन में आपके प्रति प्यार और गहरा हो जाएगा।

**गिफ्ट हैंपर:** वैलेंटाइन-डे को देखते हुए, इन दिनों मार्केट में कई तरह के गिफ्ट हैंपर मिल रहे हैं। आप भी चाहें तो वैलेंटाइन-डे पर अपने पार्टनर को इनमें से कोई गिफ्ट हैंपर सेलेक्ट कर दे सकती हैं। इसमें आप उनका पसंदीदा परफ्यूम, चेन, रिंग, वॉलेट, वॉच, ज्वेलरी प्रेजेंट कर सकती हैं। आप ऑनलाइन भी ऑर्डर करवा सकती हैं।

अगर हाल में आपका ब्रेकअप हुआ है, अब इस साल आपका पार्टनर आपके साथ वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करने के लिए नहीं है तो आप उदास, मायूस मत होइए। आप सिंगल ही वैलेंटाइन-डे मना सकती हैं। आपके आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जो आपके साथ प्यार बांट सकते हैं, खुशियां मना सकते हैं।

## अकेले हैं तो क्या गम है...

एडवाइस

नम्रता नदीम

इस बार वैलेंटाइन-डे पर बहुत से ऐसे लोग होंगे, जो हाल ही में अपने टॉक्सिक रिश्तों से बाहर आए होंगे। कुछ समय पहले जिनका ब्रेकअप हुआ होगा और अब किसी के साथ रिलेशनशिप में आने की कल्पना मात्र से ही परेशान होंगे। उन्हें रह-रहकर पिछले साल अपने पार्टनर के साथ मनाए गए वैलेंटाइन-डे की यादें विचलित कर रही होंगी। लेकिन ऐसे लोगों के लिए सिर्फ यही कहा जा सकता है कि 'अकेले हैं तो क्या गम है, चाहे तो हमारे बस में क्या नहीं।' इन लोगों को स्थितियां और परिस्थितियां ही अब अपने आप से प्यार करने की जरूरत समझाएंगी। अब इनके लिए वो दिन बीत गए जब ये रिलेशनशिप में थे, किसी और के लिए तैयार होकर डेट पर जाते थे।

**अब खुद को करना है पैंपर:** इस बात को समझें कि अब खुद से ही खुद को पेंपर करना है। प्यार के इस खास दिन के लिए अपने आपको घर के किसी कमरे में बंद करके सैड सॉन्ग सुनने की बजाय क्यों न इस बार वैलेंटाइन-डे खुद के साथ ही सेलिब्रेट करें, क्योंकि किसी ने बिल्कुल सही ही तो कहा है, सेल्फ लव इज अल्टीमेट लव।

**खुद को दें पार्टी या बनाएं फेवरेट डिश:** अगर आप सिंगल हैं और इस बार अपना वैलेंटाइन-डे भी मनाना चाहती हैं तो जरूरी नहीं कि बाहर लंच या डिनर के लिए आपका पार्टनर आपके साथ हो। आप अकेले भी जाकर खुद को पार्टी दे सकती हैं। घर पर रहकर बोर होने और ब्रेकअप का मातम मनाने की बजाय अपने दूसरे सिंगल दोस्त से घर या ऑफिस



के बाद मिलें और उसके या अपने घर में अपनी फेवरेट डिश बनाएं। अपने मम्मी-पापा या ग्रैंड पैरेंट्स के साथ मौज-मस्ती करें। इससे आपको ही नहीं, उनको भी अच्छा लगेगा। अगर आपके कई सिंगल दोस्त हैं तो सब लोग मिलकर पार्टी करें, सब कहीं बाहर जाकर भी लंच या डिनर में अपने सिंगलहुड को एंज्वॉय कर सकती हैं।

**दूसरों का दुख-दर्द बांटें:** मनोविदों की मानें तो जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं तो इससे हमें अपार खुशी मिलती है। यह जरूरी नहीं कि ये दूसरे लोग हमारे बहुत करीबी ही हों। इस दिन किसी वृद्ध आश्रम या अनाथालय में जाकर बुजुर्गों और बच्चों को खाने की कुछ चीजें दें। बुजुर्गों के दुख-दर्द सुनें और उनके साथ बातें करें। घर-परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर गरीब बच्चों के लिए खाना बनाकर खिलाएं। ऐसी एक्टिविटीज से सिंगल होने का दुख नहीं सताता और दूसरों को भी खुशी मिलती है।

**सेल्फ डेट प्लान करें:** जिनका हालिया ब्रेकअप हुआ है, पिछले वैलेंटाइन-डे पर वह अपने डेट के साथ कौन-सी खूबसूरत ड्रेस पहनकर गई थीं, इस दिन को खूब एंज्वॉय किया था, अब उन्हें इसकी अगर याद सताए तो इस तरह के हैंगओवर से भी बाहर आना जरूरी है। खुद के साथ सेल्फ डेट प्लान करें। वैलेंटाइन-डे के लिए ऐसी मनचाही सुंदर ड्रेस खरीदें, जिसे आप कई दिनों से खरीदने की सोच रही हैं। इस ड्रेस को पहनकर अपने किसी खास दोस्त से मिलें और खुद को ही यह साबित कर दें कि वैलेंटाइन-डे खुद के साथ भी मनाया जा सकता है।

### मम्मी-पापा के साथ मनाएं वैलेंटाइन-डे



**क्या हुआ** जो पिछले साल आपने रिलेशनशिप में रहते हुए, जिसे हद से ज्यादा प्यार किया था, उसके साथ एक मेमोरेबल वैलेंटाइन-डे मनाया था! क्या हुआ अगर उसकी याद भर बाकी है। उस टॉक्सिक व्यक्ति के साथ मनाए गए उस वैलेंटाइन-डे को भूल जाइए और उससे ब्रेकअप करने को अपने भविष्य के लिए बेहद जरूरी समझते हुए उसकी यादों से भी बाहर आ जाइए। इस बार का वैलेंटाइन-डे मम्मी-पापा के साथ मनाएं। पैरेंट्स के ऊपर अपने प्यार की बौछार करके तो देखें, उनके साथ छुट्टी लेकर पूरा दिन बिताएं। उनके साथ लंच-डिनर करें। माता-पिता से अच्छा वैलेंटाइन-डे पार्टनर भला और कौन हो सकता है!

**खबर संक्षेप**

### रा .स्कूल के छात्र पहुंचे निजी स्कूल, ली जानकारी

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भटगांव के विद्यार्थियों को गहलोत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल महीपुर में ट्विनिंग कार्यक्रम के लिए ले जाया गया। विद्यार्थियों को विद्यालय प्राचार्या राजबाला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्विनिंग कार्यक्रम में विद्यार्थी राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी, गैर राजकीय विद्यालयों का भ्रमण करके वहां के वातावरण से रूबरू होते हैं।

### गांव लल्हेड़ी में हो रही दूषित पेयजल सप्लाई

**गन्नौर।** लल्हेड़ी गांव में दूषित पेयजल सप्लाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव में पिछले कई महीनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। इससे लोगों को बीमार होने की परेशानी सता रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीण जयभगवान मलिक ने बताया कि गांव में पिछले कई महीनों से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। सप्लाई किए गए पानी में मिट्टी के साथ-साथ केमिकल की दुर्गंध आती है।

### पूर्व एईओ के आवास पर पहुंचे सागरप्रीत हुड्डा

**सोनीपत।** केंद्र सरकार के खुफिया एवं पीएमएमसी विभाग में स्पेशल कमिश्नर के पद पर कार्यरत आईपीएस अधिकारी सागरप्रीत हुड्डा गत दिवस सोनीपत के सैक्टर-23 में स्थित पूर्व एईओ जगबीर मलिक के आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने मलिक परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और आगामी 18 फरवरी को जगबीर मलिक की भतीजी डा. सुमेधा के होने वाले विवाह समारोह से पहले उसे आशीर्वाद दिया।

### सेफ इंडिया ने मनाया 3 बधिर बच्चों का जन्मदिन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान मे श्रवण व वाणी केंद्र, न्यू कोर्ट रोड सोनीपत में जन्म से ना बोल व ना सुन सकने वाले बधिर बच्चों के स्कूल में 3 बधिर बच्चों नैन्सी, शिवम, आनंद का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सहयोगी संस्था सेफ इंडिया फाऊंडेशन के प्रोजेक्ट इंचार्ज अविनाश सेठी और बलराज वशिष्ठ ने बताया कि संस्था पिछले वर्ष से स्कूल के विद्यार्थियों के लिए सुबह दोपहर ओर शाम के भोजन, स्कूल ड्रेस, कापी किताब एवं अनेकों सहयोग कर रही है।

## देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में चमकाया नाम

# गांव राजलू गढ़ी के कार्तिक राठी ने नेटबॉल में जीता गोल्ड मेडल

## हरियाणा नेटबॉल एसो.की महाससचिव ने बधाई देते उज्जवल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गन्नौर

देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल की पुरूष व महिला दोनों वर्ग की टीमों ने फाईनल में स्वर्ण पदक जीता। जिसमें नेटबाल के खिलाड़ी गांव राजलू गढ़ी के कार्तिक राठी पुत्र स्वर्गीय सुधीर राठी ने बेहतर प्रदर्शन किया। पदक जितने की खुशी में कार्तिक राठी की दादी मूर्ति देवी, मां रीना राठी, चाचा सुनील राठी ने बधाई दी। खिलाड़ी हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन महासचिव बबीता ने बताया कि हरियाणा नेटबॉल की पुरूष वर्ग की टीम का फाइनल मैच उत्तराखंड के बीच खेला गया, हरियाणा टीम ने 74-71 अंक से जीत हासिल की, जिसमें सोनीपत के गांव राजलू गढ़ी के खिलाड़ी कार्तिक राठी, जतिन दहिया,विकास शर्मा, आर्यन दहिया की मेडल दिलाने में अहम भागीदारी रही। हरियाणा नेटबॉल की पुरूष व महिला की टीमों की उपलब्धि पर हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महाससचिव बबीता ने टीम कोच, मैनेजर व खिलाडियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बबीता ने बताया कि 7 से 9 फरवरी तक हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल में महिला वर्ग की टीम का फाइनल मैच राजस्थान के साथ खेला गया। जिसमें हरियाणा टीम ने 57-55 से जीत हासिल की। हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल में महिला वर्ग की कप्तान रेणु रानी सोनीपत से खिलाड़ी शबनम दहिया,खुशी दहिया,गढ़ी बाला से विधि दहिया, पलक दहिया की जीत दिलाने में अहम भागीदारी रही। ओर महिला वर्ग ने फाइनल में गोल्ड मेडल हासिल किया।



गन्नौर। गोल्ड मेडल जितने के बाद कार्तिक खुशी मनाते हुए। फोटो :हरिभूमि




गोहाना। अजय अपने कोच व सहयोगी खिलाड़ियों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### अजय ने राष्ट्रीय लॉन टेनिस में जीता कांस्य पदक

**गोहाना।** उत्तराखंड में सम्पन्न राष्ट्रीय लॉन टेनिस टूर्नामेंट में गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अकादमी के मेधावी खिलाड़ी अजय मलिक ने कांस्य पदक हासिल किया। अजय ने हरियाणा सर्विसेज टीम की ओर से टूर्नामेंट में प्रतिभागिता की। हरियाणा प्रदेश की टीम इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रही। वे अकादमी के संस्थापक पहलवान अजमेर मलिक के पुत्र हैं। 5 से 11 फरवरी तक उत्तराखंड में 38वीं राष्ट्रीय लॉन टेनिस टूर्नामेंट आयोजित की गई। टूर्नामेंट में उत्तराखंड सहित हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडू, केरल, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। अजय मलिक ने हरियाणा सर्विसेज टीम की ओर से इस टूर्नामेंट में भाग लिया और कांस्य पदक जीता। हरियाणा की टीम ने टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड की टीम को 6-0 और 6-1 अंक के अंतर से पराजित करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। अजय मलिक द्वारा पदक जीतने पर कोच सोमबीर मलिक, संस्था के संचालक पहलवान अजमेर मलिक, डॉ. विक्रम मलिक, सरपंच अमित पहलवान और प्राचार्या पूनम मलिक सहित गांव के लोगों ने खुशी व्यक्त की।



सोनीपत। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# कर्मचारियों की बहाली को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा

- प्रदर्शन करते पहुंचें थे सचिवालय 21 सूत्रीय मांगपत्र भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

हरियाणा गर्वनमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन की जिला कमेटी सोनीपत द्वारा कर्मचारियों की 21 सूत्रीय मांग पत्र सोमवार को उपायुक्त सोनीपत के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम भेजा गया। कर्मचारियों का 21 सूत्रीय मांग को लेने के लिए उपायुक्त कार्यालय से नायब तहसीलदार शिवराज पहुंचें और संगठन को आश्वस्त किया कि मांगों को सिफारिश सहित उपायुक्त कार्यालय की तरफ से मुख्यमंत्री कार्यालय को भिजवाने का काम करेंगे। रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान विष्णु दत भारद्वाज, संचालन जिला सचिव रामप्रसाद एवं प्रदर्शन की अगुवाई प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश हुड्डा, प्रदेश प्रचार सचिव कुशलपाल चौहान, प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा, प्रांतीय सह सचिव सतीश कुमार ने किया। रोष प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे नेताओं ने संयुक्त रूप से बताया कि सिंचाई विभाग में लगभग दो हजार एचकेआरएन कर्मचारियों को वर्षों से लगे कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। केन्द्रीय कमेटी की मीटिंग में फैसला लिया गया कि 27 जनवरी से 15 फरवरी तक सभी उपायुक्तों के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। अगर फिर भी सरकार हटाए गए कर्मचारियों को नौकरी पर बहाल नहीं किया तो 15 फरवरी के बाद केन्द्रीय कमेटी की बैठक बुलाकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन की घोषणा की जाएगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी।

#### ये रहे मौजूद

रोष प्रदर्शन में धूप सिंह, रणबीर, देवेंद्र, सुरेंद्र सिंह, राजबीर, अमित कुमार, रघबीर, प्रदीप, संदीप, लहणा सिंह, विजय, रवि, अरुण शर्मा, ब्रिज मोहन, राजकुमार, मोहन सिंह, नरेश कुमार, सुरेश नैयर, महेंद्र, रमेश, दलीप, सुरेश, मौसम, विजय, सोनू आदि मौजूद रहे।

### सीवर के टूटे ढक्कन पर बैठकर किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** गडी ब्राह्मण रोड पर सीवर लाइन का ढक्कन टूटा हुआ है। 30 फीट गहरी इस पाइपलाइन का ढक्कन टूटने के कारण हादसे की आशंका बनी हुई है। सोमवार को जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने टूटे हुए मेनहोल के ढक्कर पर बैठकर प्रदर्शन किया। संजय बड़वासनिया ने कहा कि टूटे हुए रोड और टूटे हुए मेनहोल के कारण हादसे हो रहे हैं। लेकिन प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। आम जनता को तकलीफ हो रही है। प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है और बड़े हादसे का इंतजार हो रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक समिति मेंबर विकास शर्मा, नितीश भारद्वाज, राजेश आदि उपस्थित रहे।



टूटे हुए ढक्कन पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करते जिला पार्षद एवं अन्य।



असिस्टेंट प्रोफेसर रूचिका विरमानी के साथ प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह।

### रूचिका विरमानी को मिला बेस्ट पेपर अवॉर्ड

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर रूचिका विरमानी को आईसीईपी-2025 इंटरनेशनल कान्फ्रेंस में बेस्ट पेपर अवॉर्ड से सुशोभित किया गया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि शोधक्षेत्र में प्रस्तुत किये जाने वाले पेपर को सर्वश्रेष्ठ पेपर का अवॉर्ड मिलना गौरवमयी उपलब्धि है। जीवीएम में स्नातकोत्तर वाणिज्य संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर रूचिका विरमानी ने हाल ही में जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस इंदिरापुरम गाजियाबाद में आयोजित आईसीईपी-2025 इंटरनेशनल कान्फ्रेंस में अपना पेपर प्रस्तुत किया। बिजनेस ट्रांसफोरमेशन एंड इनोवेशन थ्रू डिजिटल एंड सस्टेनेबल प्रेक्टिसिज थीम पर आयोजित इंटनेशनल कान्फ्रेंस ऑन एंपावरिंग फ्यूचर में रूचिका विरमानी का ही रूतबा देखने को मिला। एमरॉल्ड पब्लिशिंग के विशेष सहयोग से आयोजित कान्फ्रेंस में उन्होंने- द इंपैक्ट ऑफ यूटाउट 3 एंड प्रसीव्ड रिस्क थ्योरी ऑन डिजिटल पेमेंट अडॉप्शन- अ कंप्रीहेंसिव मॉडल फोर नेक्स्ट जेनरेशन पेमेंट सिस्टम विषय पर अपना शोध पेपर प्रस्तुत किया।

### दूसरे दिन किया 24 अवतारों का वर्णन

**सोनीपत।** श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य डॉ. रोहिताश भारद्वाज ने भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मात्र करने से ही प्राणी का कल्याण होता है। कथा के दौरान 24 अवतार वर्णन, श्रीभागवत की रचना, परीक्षित जन्म, शुकदेव जन्म की कथा सुनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जोकि बालाजी मंदिर, महावीर कॉलोनी के प्रधान सुरेश भारद्वाज ने किया। इस मौके पर मुख्य यजमान एडवोकेट महावीर प्रसाद मित्तल रहे। वहीं मुख्यातिथि के तौर पर रामबिलास गोयल, वीरेंद्र सिंह लाठर, गगन गुप्ता ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर प्रधान विनोद गुप्ता, महासचिव सुनील कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कुच्छल, उपप्रधान देवेंद्र कुच्छल, सचिव पवन जिंदल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



श्रीचंडी मां महाकाली मंदिर में कार्यक्रम के दौरान कथावाचक।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बच्चों ने बनाए मॉडल, प्रदर्शित किए प्रोजेक्ट

**सोनीपत।** बोहला स्थित राजकीय मिडल स्कूल में सोमवार को स्टीम मेला लगाया गया। इस में बच्चों ने अपने बनाए मॉडल व प्रोजेक्ट प्रदर्शित की। बच्चों ने इस मेले में अपनी कल्पना को दिखाया। सोमवार को मिडिल स्कूल बोहला में लगी मेला में बच्चे विभिन्न तरह की हस्तनिर्मित की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान स्कूल इंचार्ज सुबोधरा ने बच्चों को स्टीम के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही कक्षा में पठन-पाठन में स्टीम की उपयोगिता को बताया। बच्चों में अक्षर ज्ञान व शब्द ज्ञान, पढ़ने व गणित को सरल तरीके से सीखने के बारें में जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षकों ने बच्चों की प्रदर्शनी को सराहा।

# शिविर में 63 ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

- भगवान परशुराम चौक में भाग राम ट्रस्ट का साप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गोहाना

भाग राम ट्रस्ट के साप्ताहिक रक्तदान शिविर में सोमवार को 63 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में रक्त संकलन के लिए रक्त केंद्र गोहाना की टीम पहुंची। ट्रस्ट द्वारा सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को शहर में सोनीपत टी प्वाइंट पर स्थित भगवान परशुराम चौक में यह साप्ताहिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। शिविर के मुख्य अतिथि रमन गुप्ता थे। अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा गगनेजा ने की। संयोजन रक्तदान और नेत्रदान को समर्पित गोहाना की समाजसेवी संस्था आहुति के संयोजक एवं स्टार रक्तदाता सुरेंद्र विश्वास का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में दो सगे भाई रवि और अजय, हरियाणा पुलिस से सुरेन्द्र व संदीप जागलान ने रक्तदान किया। नियमित रक्तदाताओं में दीपक कुमार, अमित, दीपक बत्तरा, संदीप, गोविंद, विनोद कुमार, अशोक, नरेश और रामनिवास ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में मनमीत, रामकरण, अंकित, दीपक और मोहित ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।



गोहाना। शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथि व आयोजक।



सोनीपत। स्वयंसेविका मोनिका के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### मोनिका को मिला बेस्ट एनएसएस वालंटियर का अवॉर्ड

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की स्वयंसेविका मोनिका को विश्वविद्यालय स्तर पर बेस्ट वोल्यूंटियर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने मोनिका को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने यह जानकारी देते मोनिका को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 7 फरवरी को यूनिवर्सिटी लेवल बेस्ट एनएसएस वोल्यूंटियर के इंटरव्यूज का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज की बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने भी हिस्सा लिया। मोनिका की उपलब्धियों व उनके बेहतरीन प्रदर्शन के बूते उन्हें सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका के सम्मान से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि जीवीएम की एनएसएस इकाई ने इस सम्मान के लिए बहुत लगन व मेहनत से काम किया है। स्वयंसेविकाओं ने भी एनएसएस की हर प्रकार की गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# बढ़ रहे प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

- कॉलेज प्राचार्या गीता ने भी जल संरक्षण करने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सोनीपत

टीका राम कन्या महाविद्यालय में की एनएसएस की यूनिट एक व दो द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर यूथ फॉर माई भारत विषय के तहत तीसरे दिन स्वयंसेविकाओ को गांव महलाना में ले जाया गया। जहां पर डॉ. जसमेर सिंह, सहायक प्राध्यापक, जाट कालेज रोहतक ने स्वयंसेविकाओ को नहरों की सफई व अंधविश्वास के कारण जो नहरों का प्रदूषण बढ़ रहा है उसके प्रति जागरूक किया। जल प्रदूषण रोकने के लिए अपने आसपास के लोगों को प्रेरित करने के लिए कहा। मुकेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग, रोहतक ने स्वयंसेविकाओ को जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया। अजय हुड्डा, ने स्वयंसेविकाओ को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया व साथ ही स्वयंसेविकाओ को रक्त बढ़ाने के तरीक़े बताए। स्वयंसेविकाओ ने जल प्रदूषण ना करने की शपथ ली। कॉलेज प्राचार्या गीता ने भी जल संरक्षण करने का संदेश दिया। संयोजिका एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर दीपशिखा व डा. आशा रानी रही। कैम्प के दौरान 107 स्वयंसेविकाओ की प्रतिभागी रही।



सोनीपत। जल प्रदूषण रोकने की शपथ लेती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ भाजपा नेता नवीन मंगला एवं अन्य।

### खेलकूद प्रतियोगिता, वालीबॉल में जीता बजाना खुर्द

**सोनीपत।** माई भारत, नेहरु युवा केन्द्र सोनीपत (युवा कार्यक्रम एंव खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा 2 दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन सुभाष स्टेडियम सोनीपत में किया गया। कार्यक्रम में उन टीमो ने भाग लिया जो पहले चल रहे खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजयी रहे। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि भाजपा नेता नवीन मंगला रहे। उन्होंने युवाओं को बताया कि आज की इस भागदौड़ की जिंदगी में जो सुकून खेलो में मिलता हैं वो कहीं और नहीं मिलता है। खेलो के द्वारा युवा नशे से दूर रह कर अपना और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। मुख्यअतिथि नवीन मंगला ने विजय प्रतिभागियों ट्रॉफी, मेडल, सर्टिफिकेट व ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसीपल हरकौर, डॉ. आदिश जैन, राकेश जैन ने वालीबॉल के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर मैच शुरू करवाया। वालीबाल में बजाना खुर्द (गन्नौर) ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रताप स्पोर्ट्स एकेडमी खरखौदा ने द्वितीय स्थान पाया। इसी तरह खो खो के मैच में नाहरी गांव राई ब्लॉक से प्रथम, द्वितीय नवज्योति शिक्षा सदन ब्लॉक गन्नौर की टीम विजयी रहे। इस दौरान कोच कोमल व अशोक ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सुरेन्द्र शर्मा, बबीता, पूनम, शशि, जसबीर, सतपाल राणा व प्रिंस राई प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### चार बेसहारा लोगों को भेजा आश्रम

**सोनीपत।** समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिह द्वारा मंदबुद्धि एवं बेसहारा लोगों (प्रभु) को दिल्ली स्थित अपना घर आश्रम भेजने का अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत कुछ दिनों में चार प्रभुओं को आश्रम भेजा गया है। समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि 224वां प्रभु महिला थी, जोकि कुंडली से मिली थी। एसआई सुमन ने उस महिला प्रभु का मेडिकल करवाया व डीडी तैयार की। उसके उपरांत उसे बुढपुर अपना घर आश्रम भेजा गया। 225 वां प्रभु भी महिला ही रही। जोकि मुरथल से मिली। जिसे हेड कांस्टेबल कृष्ण ने महिला कांस्टेबल के साथ सिविल अस्पताल में उसका मेडिकल कराया व उसको भी अपना घर आश्रम भेजा गया। 227 वां प्रभु मलिकपुर गांव के पास मिला जो बड़ी दयनीय हालत में था। जिसको ममता सरोहा ने बचाया और उसका मेडिकल करवा कर उसे भी शामली उत्तर प्रदेश अपना घर आश्रम भेजा गया। इसी प्रकार 227वीं महिला प्रभु जिसके चार बच्चे थे, जिनमें दो लड़की और दो लड़के उनको एएसआई नीलम सिविल लाइन थाना से मेडिकल कराया गया।



भगवान विश्वकर्मा को नमन करते पूर्व विधायक जगबीर मलिक व अन्य।

### भगवान विश्वकर्मा ब्रह्मांड के प्रथम वास्तुकार : मलिक

**गोहाना।** शहर में महम मार्ग स्थित भगवान विश्वकर्मा चौक में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा का जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। समारोह की अध्यक्षता कांग्रेस बैकवर्ड प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव आजाद सिंह दांगी ने की। मुख्य अतिथि गोहाना हलका के पूर्व विधायक जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का पहला वास्तुकार अर्थात इंजीनियर माना जाता है। मान्यता है सृष्टि पर जीवन के संचालन के लिए जो भी वस्तुएं सृजनात्मक हैं वे सब भगवान विश्वकर्मा की ही देन है। इन्हें सृष्टि का पहला शिल्पकार वास्तुकार और सृजनकार कहा जाता है। भगवान विश्वकर्मा ने ब्रह्मा जी के आदेश पर पुष्पक विमान, इंद्रपुरी, त्रेता युग में लंका, द्वापर मे द्वारिका और हस्तिनापुर, कलयुग में जगन्नाथ पुरी और बिहार में भगवान सूर्य मंदिर का निर्माण किया। समारोह के अध्यक्ष आजाद सिंह दांगी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने ही कर्ण के कुंडल, विष्णु भगवान का सुदर्शन चक्र, महादेव का त्रिशूल, यमराज का काल दंड तथा देवराज इंद्र के वज्र का निर्माण किया जयंती समारोह में कर्मवीर पांचाल, राजेंद्र पांचाल, संदीप जांगड़ा, समेराम धीमान मौजूद रहे।

### दीक्षा प्रथम तो नंदिनी ने प्राप्त किया दूसरा स्थान



**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा सोमवार को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को सामने लाना था। प्रतियोगिता में कुल 15 छात्रों ने भाग लिया। हमारे सम्मानित निर्णायक डॉ. राजवंती, मंजीत और पूनम ने परिणाम घोषित किए। जिसमें दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, नंदिनी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और खुशी रानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. वंदना नासा द्वारा किया गया।

**मार्केट न्यूज**

### पंजाब नैशनल बैंक के होम लोन एक्सपो में ग्राहकों को सस्ते गृह व अन्य ऋण के बारे में बताया




**सोनीपत।** महाप्रबंधक कुमुद नेगी वार्ष्णेय,मंडल कार्यालय, अंचल कार्यालय से सुरेश शर्मा उपमहाप्रबंधक,पानीपत के मंडल प्रमुख जय पाल सैनी मंच पर। सोनीपत। पंजाब नैशनल बैंक मंडल कार्यालय पानीपत द्वारा होम लोन एक्सपो द्वारा दूसरे दिन सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 15 में होम लोन एक्सपो का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान कार्यालय से महाप्रबंधक कुमुद नेगी वार्ष्णेय ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित सभी ग्राहकों व स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएनबी बैंक सस्ते दरों पर गृह ऋण प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक ग्राहक के पास ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से खुद चल कर आता है और एक ही स्थान पर सब तरह की गृह ऋण उत्पादों की जानकारी देते हुए ग्राहक की आवश्यकता अनुसार उन्हें ऋण प्रदान करता है। अंचल कार्यालय से सुरेश शर्मा उपमहाप्रबंधक ने बताया कि पीएनबी बैंक हरियाणा राज्य में अग्रणी बैंक के रूप में कार्य कर रहा है व ग्राहकों को अपने उत्पादों के माध्यम से सुचारू सेवाएं प्रदान कर रहा है। विशेष अतिथि कुमुद नेगी वार्ष्णेय ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में पीएनबी बैंक द्वारा दो दिन के लिए होम लोन एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

## किसानों ने मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**गन्नौर।** भारतीय किसान यूनियन अम्बावता ग्रुप की मासिक बैठक जयभगवान मलिक (सूबेदार भूतपूर्व) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए गन्नौर के एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा। किसानों ने प्रशासन से ज्ञापन में मांग की कि गन्नौर से खुबडू गांव को जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य बीच-बीच में छोड़ दिया गया है। सड़क निर्माण के टैंडर का समय भी पूरा हो चुका है। इसलिए ठेकेदार पर जुर्माना करने के साथ सड़क का निर्माण कार्य पूरा करवाया जाए।

## योजनाओं का लाभ उठाएं महिला किसान : शर्मा

**गोहाना।** सोमवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गोहाना कार्यालय में कृषि में महिलाओं का सशक्तीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि, पशुपालन, बागवानी व मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने महिलाओं के लिए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सूर्या फाउंडेशन और क्लाईम टू चेंज संस्था का सहयोग रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन शर्मा ने की और संयोजन एएसडीओ गोहाना डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा का रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद गोहाना की अध्यक्ष रजनी विरमानी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त होना जरूरी है। इसके लिए विभाग प्रयास कर रहा है।

### परिजनों का आरोप : शनिवार को प्रसूता को अस्पताल में लगा था इंजेक्शन

# डॉक्टर ने गर्भस्थ शिशु को मृत बताया, परिजनों का हंगामा

अस्पताल में जताया रोष, हंगामे के दौरान सिविल सर्जन को दी शिकायत
पुलिस को भी दी शिकायत, अस्पताल स्टाफ व चिकित्सक पर लगाए लापरवाही के आरोप




**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में गर्भस्थ बच्चे की मौत के मामले में रोष व्यक्त करते हुए परिजन। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नागरिक अस्पताल में सोमवार को प्रसुति वार्ड के बाहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक मरीजों के परिजनों ने डॉक्टरों की लापरवाही के गर्भस्थ बच्चे की मौत होने की बात कही। परिजनों ने आरोप लगाया कि गर्भवती महिला को पेट में दर्द की शिकायत पर स्टाफ व चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाया था। इस इंजेक्शन को लगाने में लापरवाही बरती गई, जिसकी वजह से गर्भस्थ बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने हंगामे के उपरांत मामले की शिकायत अस्पताल प्रशासन व पुलिस को दी है। परिजनों ने न्याय की मांग उठाते हुए रोष भी जताया।

जानकारी अनुसार उत्तम नगर निवासी रोहित ने बताया कि वह 3 मई 2024 को अपनी गर्भवती पत्नी प्रतिभा को लेकर पहली बार अस्पताल में आए थे। चिकित्सक के परामर्श अनुसार उस समय पर वह रूटीन में जांच करा रहे थे। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी को उनकी पत्नी प्रतिभा को पेट दर्द हुआ था। जिला अस्पताल में चिकित्सक ने गर्भस्थ बच्चे की धड़कन ठीक होने की बात कहकर उन्हें वापस घर भेज दिया था। 8 फरवरी को फिर उनकी पत्नी को पेट दर्द हुआ तो इस बार स्टाफ की तरफ से रक्तचाप की जांच की गई और गर्भस्थ बच्चा सामान्य बताया था। परिजनों ने बताया कि वह शनिवार को प्रतिभा को लेकर अस्पताल पहुंचे तो वहां प्रतिभा को इंजेक्शन लगाया गया था। उसके बाद चिकित्सक ने सोमवार को ओपीडी में दिखाने कहा था। सोमवार सुबह ओपीडी के दौरान महिला रोग विशेषज्ञ ने अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा। निजी केंद्र पर अल्ट्रासाउंड कराने के बाद वह रिपोर्ट लेकर दोबारा जिला अस्पताल में पहुंचे तो वह महिला चिकित्सक ने गर्भस्थ बच्चा मृत होने की बात कही। इस पर परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाकर हंगामा कर दिया और अस्पताल प्रशासन व पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

**ये बोले महिला के परिजन**

अस्पताल में रोष व्यक्त कर रहे परिजनों ने बताया कि वे लगातार नागरिक अस्पताल से ही चैकअप करवा रहे हैं। लगातार अल्ट्रासाउंड करवा रहे हैं, नौवें महीने में बच्चा सही बताया गया था। शनिवार को पेट दर्द की शिकायत पर आए थे टीका लगा दिया। जिसकी ना तो कोई एंट्री की गई है, ना ही कोई रिपोर्ट है। परिजनों ने मांग उठाई की शनिवार की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग चैक करवाई जाए।

**जानकारी ली जाएगी**

नागरिक अस्पताल में गर्भस्थ बच्चे की मौत के मामले में आरोप लगाने का मामला संज्ञान में आया है। विभाग की ओर से संबंधित स्टाफ व चिकित्सक से मामले की जानकारी ली जा रही है।

-डॉ. जयंत आहूजा, सिविल सर्जन

## नवनियुक्त ब्लाक समिति चेयरमैन का बली सेना ने किया स्वागत



**गन्नौर।** नवनियुक्त चेयरमैन अनिल का स्वागत करते बली सेना के सदस्य।

**गन्नौर।** बली सेना की टीम द्वारा सर्वसम्मति से नवनियुक्त ब्लाक समिति के चैयरमैन अनिल भोगीपूर, राजलू गढ़ी का सामुदायिक केन्द्र में सम्मान किया गया। नवनियुक्त चेयरमैन अनिल ने कहा कि सभी ब्लाक समिति सदस्यों का वे आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे ईमानदारी से निर्वहन करते हुए सभी कार्य को करवाने का समान काम करेंगे। इस मौके पर रवि फौजी, राकेश मकवाना, नरेश चन्दोलिया, नरेश सूद, ओमप्रकाश खांडा, रघबीर, बिन्द्र, सुरेन्द्र, श्याम पहलवान, संदीप पहल आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने पुस्तक मेले का किया भ्रमण



**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रावास के छात्रों ने प्रगति मैदान में आयोजित पुस्तक मेले की यात्रा की। यह यात्रा छात्रों को विभिन्न प्रकार की पुस्तकों से परिचित कराने और उन्हें पढ़ने की आदत डालने के लिए आयोजित की गई थी। यात्रा के दौरान, छात्रों ने विभिन्न प्रकाशकों द्वारा प्रदर्शित पुस्तकों को देखा और उन्हें पढ़ने का अवसर प्राप्त किया। छात्रों ने पुस्तकों की विविधता और उनकी सामग्री की गुणवत्ता की प्रशंसा की। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता जी ने कहा कि यात्रा छात्रों के लिए एक अद्वितीय अवसर थी। इससे उन्हें न केवल पुस्तकों से परिचित होने का मौका मिला, बल्कि उन्हें पढ़ने की आदत भी डालने में मदद मिली। इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों ने पुस्तकों को देख खरीददारी की।

## बच्चों ने 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम को लाइव देखा



**गन्नौर।** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश को सुनते छात्र व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

■ छात्रों को परीक्षा के दबाव को संभालने के लिए कई सुझाव दिए : छाबड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा से संबंधित तनाव और चुनौतियों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों से कहा है कि वे खुद से प्रतिस्पर्धा करें, न कि दूसरों से, वे नियमित रूप से लिखने की आदत को विकसित करें। उन्होंने छात्रों को परीक्षा के दबाव को संभालने के लिए कई सुझाव दिए हैं। स्कूल के कक्षा छठी से कक्षा 12वीं तक के छात्रों और शिक्षकों परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल एक पड़ाव है, जीवन का उद्देश्य इससे बहुत बड़ा है। उप प्रधानाचार्या दीपमाला ने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ जीवन के मूल्यों को भी सिखाना है। हमें उम्मीद है कि कार्यक्रम छात्रों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा। छात्रों ने परीक्षा से संबंधित अपने अनुभव और चिंताओं को साझा किया। उपस्थित शिक्षकों ने उन्हें सलाह और मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रधानाचार्य ने प्रधानमंत्री का ऐसे कार्यक्रम के लिए सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सामाजिक उत्थान सामूहित जिम्मेवारी

**गोहाना।** इफको द्वारा सोमवार को गांव धनाना स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इफको द्वारा विद्यार्थियों के लिए विद्यालय के पुस्तकालय में दो अलमारी भेंट की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इफको के जिला प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि सामाजिक उत्थान हम सब का एक नैतिक दायित्व है। हम सब को मिलकर एक सशक्त समाज के निर्माण के लिए आगे आना चाहिए। जब हर व्यक्ति समाज के उत्थान के बारे में सोचेगा तभी हम एक कुशल समाज का निर्माण कर पाएंगे। उनके अनुसार इफको द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## प्रताप स्कूल में हुई फेयरवेल पार्टी




**खरखौदा।** प्रताप सिंह मैमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक यादगार फेयरवैल पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके शैक्षिक जीवन की समाप्ति पर शुभकामनाएं देना और उन्हें आगामी जीवन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या दया दहिया ने की। जिन्होंने छात्रों को उनके आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, आज का दिन आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ है। आप जो कुछ भी हासिल करेंगे, हमें उस पर गर्व होगा। फेयरवैल पार्टी में छात्रों और अध्यापकों के बीच खेल, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम को और भी मंनोरंजक बना दिया। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्रों ने अपने शिक्षकों और दोस्तों के साथ मिलकर कई यादगार पल बिताए। दक्ष को मिस्टर फेयरवैल व रीतिका को मिस फेयरवैल चुना गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को स्टॉफ और अन्य विद्यार्थियों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं।

# छह छात्राओं को मिली छात्रवृत्ति



**खरखौदा।** छात्राओं को चेक प्रदान करते हुए प्राचार्या डॉ प्रमिला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कन्या महाविद्यालय की छह छात्राओं को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची में प्रथम, द्वितीय और टॉप 10 में विभिन्न स्थान प्राप्त करने पर प्रत्येक छात्रा को 2500 -2500 रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। छात्रा खुशी बीए तृतीय वर्ष, रश्मि बी ए तृतीय वर्ष, तमन्ना बी वोकेशनल होटल प्रबंधन तृतीय वर्ष, चिंकी बी वोकेशनल फिजियोथैरेपी तृतीय वर्ष, तनु दहिया एम.वोकेशनल फिजियोथैरेपी प्रथम वर्ष और साक्षी बी.वोकेशनल होटल प्रबंधन से पास आउट छात्रा है। इन 6 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. प्रमिला ने सभी छात्राओं को चेक प्रदान किए और उनको हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि यह इन छात्राओं की कड़ी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि इन्होंने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की मेरिट सूची में विभिन्न स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सभी छात्राओं को इसी तरह खेलों और अन्य गतिविधियों के साथ- साथ अपनी पढ़ाई मन लगाकर करनी चाहिए और इसी तरह अपने माता-पिता और महाविद्यालय का नाम रोशन करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर योग क्लब द्वारा डॉ.दर्शना और डॉ.प्रमिला ने हर घर परिवार सूर्य नमस्कार अभियान के पांचवें दिन छात्राओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। डॉ. दर्शना और डॉ. प्रमिला ने बताया कि सूर्य नमस्कार से शरीर स्वस्थ होता है।

## वैदिक यज्ञ समिति के 46वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ



**सोनीपत।** सेक्टर 14 स्थित कम्युनिटी सेंटर में वैदिक यज्ञ समिति का 46 वां वार्षिकोत्सव सोमवार को शुरू हुआ। इसके तहत सामवेद का पारायण यज्ञ हो रहा है। इस यज्ञ में वेद पाठ करने हेतु आर्ष कन्या गुरुकुल महाविद्यालय देव नगर उड़ीसा से आचार्या शारदा शास्त्री के साथ आई ब्रह्मचारिणियों ने ब्रह्म यज्ञ के पश्चात सामवेद का पाठ किया, यज्ञ में भाग लेने हेतु आए लोगों ने यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। आज प्रातः यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य डॉ. वेदपाल ने अग्निदूतं वृणीमहे मंत्र की व्याख्या करते हुए बताया कि अग्नि दूत है। मंत्र में भौतिक अग्नि की बात नहीं की गई। मंत्र में अनेक विशेषण देकर परमात्मा को नमन किया गया है। यज्ञ का आरंभ अग्नि से होता है। वह अग्नि प्रकाश स्वरूप है अग्नि अर्थात परमपिता परमेश्वर। उसके पास जो भी आता है ईश्वर उसे अपने गुणों से युक्त कर देता है।

# नशा छोड़ने का संदेश दे रहीं स्वीटी

■ साइकिलिस्ट ने नोएडा से आगरा तक 210 किलोमीटर साइकिल यात्रा की



**गोहाना।** साइकिल यात्रा करते हुए स्वीटी मलिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव भैंसवान खुर्द के रविंद्र मलिक की पत्नी स्वीटी मलिक ने नोएडा से आगरा तक साइकिल यात्रा करके युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश दिया। स्वीटी मलिक एक प्रसिद्ध साइकिलिस्ट हैं। दिल्ली से पुणे साइकिल अभियान का यह तीसरा चरण था। अभियान के तहत नोएडा से आगरा अध्याय रविवार को भारत के अलग-अलग राज्यों से आए साइकिलिस्टों ने सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया। साइकिल यात्रा में सशस्त्र बलों और नागरिकों की 15 सदस्यीय मिश्रित टीम ने नौ घंटे में 210 किलोमीटर की दूरी तय करके युवाओं को नशे के प्रति जागरूक किया। भैंसवान खुर्द की साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक एक राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिस्ट हैं। वे साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगों को सामाजिक कुरीतियों बारे जागरूक करने का काम कर रही हैं।

## चिड़ाना गांव में लगेगा शहीद भगत सिंह मेला



**गोहाना।** कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विचारविमर्श करते हुए समिति के प्रतिनिधि।

■ सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रमों के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होंगी

**गोहाना।** शहीदी दिवस पर गांव चिड़ाना में शहीद भगत सिंह मेला आयोजित होगा। यह कार्यक्रम गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित होगा। इस दौरान विद्यालय परिसर में शहीद की प्रतिमा का अनावरण, शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी चिड़ाना का उद्घाटन और दैनिक लंगर रोटी-बैंक व कपड़ा बैंक बस स्टैंड गोहाना का 7वां वार्षिकोत्सव भी मनाया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर सोमवार को गांव चिड़ाना के सरपंच सन्दीप लठवाल, शहीद भगत सिंह लाइब्रेरी समिति चिड़ाना के अध्यक्ष राज सिंह लठवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोहाना तहसील का प्रथम विश्व-रिकॉर्ड गांव चिड़ाना द्वारा बनाने का सर्वसम्मत निर्णय निर्णय लिया गया। मार्गदर्शन मास्टर राजेश लठवाल चिड़ाना का रहा। राजेश लठवाल के अनुसार कार्यक्रम में देशभक्ति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेल प्रतियोगिताएं, लंगर व रक्तदान शिविर भी आयोजित होगा। मुख्य अतिथि शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के पौत्र और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेन्द्र सिंह सन्धू होंगे। इस अवसर पर हितेश शर्मा, मास्टर कृष्ण कुमार सरोहा, चांद प्रजापति, सुरेंद्र कुमार भौरिया, मुख्याध्यापक साहिब सिंह लोहरा, मास्टर रवि कुमार बामणिया व धौला लठवाल उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

गोलमाल | सोसायटी में सैकड़ों ने रुपये किए थे जमा, पैसे लेकर फरार

ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रेफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी पर आरोप

# सोसाइटी के एजेंट्स ने किया प्रदर्शन, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**सोनीपत।** लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए सोसाइटी के एजेंट्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ह्यूमन वेलफेयर क्रेडिट एंड थ्रेफ्ट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के एजेंट्स ने सोनीपत उपायुक्त कार्यालय पर मजदूर संगठन सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। एजेंट्स ने सरकार से मांग कि की सोसायटी के सीएमडी सहित पूरी टीम को पकड़ा जाए और जिन लोगों ने सोसायटी में पैसा जमा किया है, उसे दिलवाया जाए।

प्रदर्शन को सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, सचिव सुनीता, आनंद शर्मा, किसान सभा के नेता श्रद्धानंद सोलंकी, सोसायटी के एजेंट्स प्रतिनिधियों पवन, विपुल, संजीता, श्रीपाल, एडवोकेट कपिल आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। तमाम वक्ताओं ने कहा कि सोसायटी के सीएमडी ओर प्रबंधन टीम ने जनता को धोखे में रखकर उनकी मेहनत की कमाई हड़पने का एक सुनियोजित षड्यंत्र रचा है। यह संस्था हरियाणा में 2016 से कम कर रही है। देशभर में 45 लाख से अधिक निवेशकों ने इस सोसाइटी में अपनी जीवनभर की कमाई निवेश की थी। सोसाइटी ने अपनी शुरुआत फिक्स्ड डिपॉजिट और आवर्ती जमा योजनाओं के माध्यम से की और निवेशकों को यह विश्वास दिलाया कि उनका पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। इसलिए इसमें लाखों लोगों ने अपनी जमा-पूंजी इसमें लगा दी। इनमें किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं, जिन्होंने बच्चों की पढ़ाई, शादियों और बुढ़ापे के सहारे के लिए इसमें निवेश किया था। अब सोसाइटी के सभी प्रमुख अधिकारी फरार हो गए। यह स्पष्ट है कि सोसाइटी के मालिकों ने जनता को ठगने का एक पूर्व-नियोजित षड्यंत्र रचा था। इन लोगों ने एक संगठित तरीके से निवेशकों को गुमराह किया। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी का दायरा बेहद व्यापक है। 45 लाख से अधिक निवेशकों की मेहनत की कमाई को इन चंद लोगों ने हड़प लिया। इन निवेशकों में से कई अब आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव झेल रहे हैं। उनके जीवन पर गहरा आघात हुआ है।